पृष्ठ एक का शेष

नयी विश्व व्यवस्था...

बढ़कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, इंजीनियरिंग, डेटा विश्लेषण और उत्पाद विकास जैसे उन्नत क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मोदी ने आगाह किया कि जब दुनिया नई व्यवस्था की तलाश कर रही है, तब कुछ लोग भारत में अव्यवस्था का सपना देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के दौर में दुनिया के सामने मजबूत भारत की छवि होनी चाहिए। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में अशांति के पीछे बाहरी प्रोत्साहन और समर्थन भी रहा है। कुछ लोग अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी परिस्थितियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक बदलाव, सीमाओं से परे बढ़ती राजनीति, प्रौद्योगिकी के प्रसार और अर्थव्यवस्थाओं के वैश्वीकरण के साथ दुनिया में अस्थिरता और अनिश्चितता भी बढ़ी है।

युवाओंको...

कर रहे थे। मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था को नए भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाया जा रहा है। इसमें भारतीय परंपराओं और ज्ञान के साथ मातृभाषा में शिक्षा, आधुनिक विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों को राष्ट्रीय विकास और देश का गौरव बढ़ाने के साझा लक्ष्य के लिए काम करना चाहिए। समाज को विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में विदेशों से चोरी की गई 650 से अधिक प्राचीन मूर्तियों और पुरावशेषों को भारत वापस लाया गया है। इससे देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि भारत के सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिल रही है और वे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी जगह बना रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से नौ हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह सम्मेलन स्वामी चिन्मयानंद द्वारा 1951 में स्थापित चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सालभर के समारोहों का समापन है। मिशन ने आध्यात्मिक शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, युवा सशक्तीकरण और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में व्यापक कार्य किया है।

यूपी एमएलसी चुनाव...

शिक्षक निर्वाचन सीट पर रायबरेली 63.14 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। खीरी में 62.89, सीतापुर में 57.87, बाराबंकी में 56.37 और हरदोई में 52.21 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रतापगढ़ में 49.12 प्रतिशत और लखनऊ में सबसे कम 43.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

राहुलको हल्के...

रॉकेट लॉन्च नहीं होते, जितनी बार कांग्रेस अपने नेता को लॉन्च करने की असफल कोशिश करती है। राहुल गांधी मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। उनका दावा है कि यह सब भाजपा के इशारे पर हो रहा है। थरूर ने प्रधानमंत्री के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि गांधी परिवार और उसका उपनाम अब खुद कांग्रेस के लिए बोझ बन गया है।

कोलकाता : मोस्ट...

अनुसार, मंगल पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी का रहने वाला है, जबकि मालती झारग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर की निवासी है। हालांकि, दोनों की माओवादी गतिविधियां मुख्य रूप से झारखंड में केंद्रित रही थीं। वे कभी-कभार ही पश्चिम बंगाल आते थे। दोनों पर घोषित इनाम में मंगल के सिर पर पांच लाख रुपये और मालती पर दो लाख रुपये का इनाम शामिल था। कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय के. नंद ने बताया कि मंगल करीब 2010 में माओवादी आंदोलन से जुड़ा था। इसके बाद 2011-12 के आसपास वह झारखंड चला गया। शुरुआत में उसने झारखंड के दलमा इलाके में माओवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया और बाद में सारंडा क्षेत्र में सक्रिय रहा। मंगल को दिवंगत माओवादी नेता कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी का करीबी माना जाता था। किशनजी नवंबर 2011 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। मालती भी मंगल के बाद वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी। पुलिस के मुताबिक, उसकी गतिविधियां भी शुरुआत से मुख्य रूप से झारखंड तक सीमित रहीं। दोनों लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की नजर में थे। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के कारण माओवादियों के लिए झारखंड के सारंडा वन क्षेत्र में सक्रिय रहना मुश्किल हो गया था। इसी वजह से इस साल की शुरुआत में माओवादियों ने उस इलाके को छोड़ना शुरू कर दिया। पश्चिम बंगाल के करीब 13 माओवादी सुरक्षा बलों की सूची में थे, जिन्हें समय-समय पर गिरफ्तार किया गया। हाल के दिनों में झारखंड में तीन माओवादियों की गिरफ्तारी हुई। इससे पहले वांछित माओवादी नेता पुष्पा ने भी कुछ महीने पहले कोलकाता में आत्मसमर्पण किया था।

ड्राइविंग लाइसेंस...

मसौदे के अनुसार, देश में जारी होने वाले या नवीनीकृत किए जाने वाले सभी ड्राइविंग लाइसेंस फॉर्म 7 में लैमिनेटेड या पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) कार्ड के रूप में होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का यह मसौदा प्रस्ताव आम जनता के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने और फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने की दिशा में एक दोहरी रणनीति है। आधार आधारित ऑनलाइन सुविधाओं पर शुल्क छूट और 15 दिनों का निश्चित सर्विस लेवल एग्रीमेंट (एसएलए) नागरिकों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने और अनावश्यक खर्चों से मुक्ति दिलाएगा। वहीं, 75 प्रतिशत का कड़ा क्वालीफाइंग स्कोर और इमरजेंसी कॉन्टैक्ट डिटेल्स की अनिवार्यता सड़क हादसों के वक्त तुरंत मदद पहुंचाने और सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम साबित होगी।

सड़क हादसे...

से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। सूचना मिलने पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा रहा है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अमिताभके बंगले...

ई-मेल में यह भी दावा किया गया है कि 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेसकोर्स इलाके में होने वाले गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के दौरान हमला किया जाएगा। अधिकारी ने आगे बताया कि एहतियात के तौर पर मेयर के दफ्तर, महालक्ष्मी रेसकोर्स, शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों और ई-मेल में बताए गए सभी स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी काफी बढ़ा दी गई है।

सऊदीके चार...

उड़ान की स्थिति वेबसाइट पर जांचने की सलाह दी है। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने भी इंडिगो के बयान को साझा करते हुए उड़ानें रद्द रहने की जानकारी दी है।

अरुणाचलमें चीनी...

जून 2020 की गलवान घाटी जैसी लड़ाई की स्थितियों के लिए तैयार किया जा सके। कपूर ने बताया कि 2027 के अंत तक पूरी फोर्स को यह ट्रेनिंग दे दी जाएगी। पूर्वी लद्दाख में गलवान झड़प के दौरान चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक मुठभेड़ में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। बाद में चीन ने भी अपने चार सैनिकों के मारे जाने की बात स्वीकार की थी। युद्ध प्रशिक्षण और तकनीक के अलावा यह बल अग्रिम इलाकों में बुनियादी ढांचे को भी मजबूत कर रहा है। कपूर ने बताया कि आईटीबीपी सीमावर्ती इलाकों में जमीन के नीचे आश्रय स्थल बना रही है, ताकि संघर्ष की स्थिति में जोखिम को कम किया जा सके क्योंकि जमीन के ऊपर बनी संरचनाएं युद्ध के दौरान आसानी से निशाना बन सकती हैं। यह बल अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में सैनिकों के लिए सुविधाओं को भी बेहतर बना रहा है। इसमें बैरकों को इंसुलेट करना, सोलर वॉटर हीटर लगाना और दूर-दराज की चौकियों पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनरेटर सेट मुहैया कराना शामिल है। इसमें कोल्ड-स्टार्ट किट शामिल किए गए हैं, ताकि अत्यधिक ठंड में भी वाहनों को स्टार्ट करने में मदद मिल सके। कपूर ने बताया कि ये कदम आईटीबीपी को एक ऐसी विशेष हाई-एल्टीट्यूड माउंटेन-फाइटिंग फोर्स के रूप में विकसित करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा हैं, जो चीन सीमा पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र पर चीन के सामने झुकने और अरुणाचल प्रदेश में सीमा तनाव को लेकर जताई गई चिंताओं को दूर करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस इलाके में भारत की पहुंच कुछ पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक खत्म हो गई है। एक्स पर एक पोस्ट में रमेश ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक का हवाला देते हुए अरुणाचल प्रदेश में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ हालिया झड़पों के दौरान बल के प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने इन घटनाओं पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि न तो प्रधानमंत्री और न ही उनके प्रशासन ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कुछ कहा है। कांग्रेस नेता ने अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने की चीन की कोशिशों और वहां 60,000 मेगावाट का बांध बनाने की खबरों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों ने बताया है कि लद्दाख की तरह ही हमारे कई पेट्रोलिंग पॉइंट एक बार फिर हमारे नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश में हमारे कस्बों के नाम बदल रहा है और 60,000 मेगावाट का बांध बना रहा है, जो हमारे पर्यावरण और जल सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।

'ऑफिस-ऑफिस' सीरियल की तरह न भटके आम आदमी, नागरिक संतुष्टि ही लोकसेवक का रिपोर्ट कार्ड- मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक आम आदमी का अपने काम के लिए कार्यालय दर कार्यालय भटकना पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा करता है। किसी बुजुर्ग, युवा, महिला, किसान या जरूरतमंद को निराश लौटना पड़े और उसे समयबद्ध समाधान न मिले, तो लोक सेवा का उद्देश्य पूरा नहीं होता। नागरिक संतुष्टि ही किसी भी लोकसेवक का रिपोर्ट कार्ड है। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सक्षम, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए सही व्यक्ति को सही पद पर तैनात करने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता, उपलब्धियों और सक्सेस स्टोरी को



वार्षिक गोपनीय आख्या (एसीआर) तथा पदोन्नति से जोड़ने की दिशा में काम होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लोकभवन में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत 'साधना श्रृंखला' की उत्तरी क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर तीन महत्वपूर्ण पहल की घोषणा करते हुए डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (रुपाम) को एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने, पंचायतों और नगर निकायों के कार्मिकों की क्षमता बढ़ाने तथा 'राइट पर्सन फॉर द राइट रोल' की अवधारणा को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र हासिल करना नहीं, बल्कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, सरल प्रक्रियाएं और बेहतर जनसेवाएं सुनिश्चित करना है। रुपाम और भारत सरकार के क्षमता विकास आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में आठ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि आज भी किसी बुजुर्ग को पेंशन के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सामान्य नागरिक की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पाता। 'ऑफिस-ऑफिस' धारावाहिक का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि एक नागरिक का सामान्य से काम के लिए विभिन्न कार्यालयों में भटकना पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। समस्याओं को जानबूझकर लटकाना या जानकारी के अभाव में समाधान न कर पाना, दोनों स्थितियां प्रशासन के लिए गंभीर हैं।

भाजपा के लोगों ने फर्जी मतदान और बेईमानी का किया प्रयास-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग निराश और फ्रस्ट्रेट है। यह शिक्षक और स्नातक चुनाव सीमित लोगों का है। इसमें केवल शिक्षक और स्नातक ही वोट डालते हैं। इस चुनाव में भी हार के डर से भाजपा बौखलाई हुई है। भाजपा के लोगों ने फर्जी मतदान और बेईमानी का प्रयास किया। शिक्षक और स्नातक विधान परिषद चुनाव में वोट डालने जा रहे समाजवादी पार्टी के लोगों को रोकने के लिए भाजपा ने अपने गुण्डों और भ्रष्ट अधिकारियों को आगे कर दिया। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा इस तरह बेईमानी करने की कोशिश करेगी लेकिन जनता भाजपा के खिलाफ है, विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफएक-एक वोट डालकर उसे हराएगी। यह बातें उन्होने शुक्रवार को विधान परिषद के आगरा-अलीगढ़ स्नातक खंड क्षेत्र के चुनाव में सैफई में मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश से सूचनायें मिली हैं कि भाजपा के गुण्डों ने जगह-जगह फर्जी वोटिंग का प्रयास किया। समाजवादी पार्टी के मतदाताओं को रोकने का प्रयास किया। प्रशासन के लोग मूकदर्शक बने रहे। ऐसा लगता है, चुनाव आयोग के लोग नींद की गोली खाकर सो गये। चुनाव आयोग सब कुछ देखते हुए भी आंख मूंदे बैठा रहा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा को वोट चोरी के लिए एक विश्वविद्यालय खोल देना चाहिए, उसमें अपने कार्यकर्ताओं के लिए कम से कम तीन साल का कोर्स चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट चोरी और धांधली करके भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। उन्होने कहा कि भाजपा ने शिक्षकों, नौजवानों के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा चुनाव में डरी हुई है। दस साल से भाजपा की सरकार चल रही है, तो भाजपा को इस चुनाव में गुण्डागर्दी और फर्जी मतदान की क्यों जरूरत पड़ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब 40 दिन ही बचे हैं। समाजवादी पार्टी तैयार है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन भाजपा को हरायेगा। भाजपा भ्रष्ट पार्टी है। इसने भ्रष्टाचार को चरम पर पहुंचा दिया है। आज भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर है। भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। आरक्षण खत्म कर रही है। प्राइमरी स्कूल बंद कर रही है, शराब की दुकानें खुलवा रही है। भाजपा दस साल से महंगाई बढ़ाकर जनता को लूट रही है। डीजल.पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दिया हैए नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं दिया। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हैं। अस्पतालों को खुद इलाज की जरूरत है। एम्बुलेंस नहीं चल रही है। भाजपा सरकार ने पुलिस को भ्रष्ट बना दिया है। भ्रष्टाचार की हालत तो यह है कि हथेली गरम तो पुलिस नरम। हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार है। एक्सप्रेस-वे में गड्ढे ही गड्ढे है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। खाद के लिए बहुत से केमीकल चीन और अन्य देशों से आते है। केन्द्र सरकार की विदेश नीति असफल है। केन्द्र सरकार विदेशियों के हिसाब से व्यापार कर रही है। जब दूसरे के हिसाब से व्यापार होगा तो डीएपी और खाद कैसे मिलेगी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता से जो वादे किए उसे पूरा नहीं किया। जनता अब सवाल पूंछ रही है तो भाजपा बौखला जाती है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा का सफाया कर देगी।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4887/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 15-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति के प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेंडिरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.

क्रम	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	देवरिया	जनपद देवरिया में बढ़हरा लक्षिया देवरिया कोइलसवा पकहा (अ0जि0मा0) मार्ग के चैनेज 12.200 से 13.200 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।	295.00	16.75	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू0 2714.00	09 माह	अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता, देवरिया वृत्त लो0नि0वि0 देवरिया	मुख्य अभियन्ता गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट htpp://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजें अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 259126/दिनांक 22-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4889/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 15-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति के प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेंडिरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.

क्रम	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	देवरिया	जनपद देवरिया में प्रथरदेवा रामपुर अवस्थी विशुनपुरा (अ0जि0मा0) मार्ग के चैनेज 5.300 से 6.250 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।	190.00	16.75	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू0 2714.00	09 माह	अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता, देवरिया वृत्त लो0नि0वि0 देवरिया	मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0.बी0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट htpp://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजें अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 259130/दिनांक 22-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4888/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 15-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति के प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेंडिरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.

क्रम	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
जनपद देवरिया में निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0, देवरिया के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम योजनान्तर्गत ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण का कार्य।										
1	देवरिया	जनपद देवरिया के विधानसभा सलेमपुर के विकास खण्ड लार में रामजानकी मार्ग से हरखौली डा0 हरेन्द्र के बगल से मनोज लारी के घर से होते हुए ताला कुण्डावल दलित बस्ती से मुनी बगीचे से होते हुए बड़नपुरवा कन्हैया दूबे के दरवाजे तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	132.00	8.60	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी. एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू0 2714.00	06 माह	अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता देवरिया वृत्त लो0नि0वि0 देवरिया	मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0 बी0

प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट htpp://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजें अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 259125/दिनांक 22-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4913/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 15-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति के प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के 'ए' श्रेणी मे मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेंडिरिंग के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

2.

क्र सं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	देवरिया	जनपद देवरिया में रूद्रपुर का पश्चिमी बाईपास मार्ग दो लेन मे चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	2100.00	31.50	(निविदा मूल्य 300.00 स्टेशनरी चार्जेज 2000.00 +जी.एस.टी ऑनलाईन भुगतान) कुल रू0 2714.00 मात्र	12 माह	अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता देवरिया वृत्त लो0नि0वि0 देवरिया	मुख्य अभियन्ता गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट htpp://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजें अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 259099/दिनांक 22-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4914/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 15-10-2026

ई-निविदा सूचना (पुनरीक्षित स्वीकृति के प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0, की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के 'ए' श्रेणी मे मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदाताओं से ई-टेंडिरिंग के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 देवरिया के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

2.

क्र सं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	देवरिया	जनपद देवरिया में परसिया देवार, विशुनपुर देवार एवं बरहज के मध्य सरयू (घाघरा) नदी पर सेतु के पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग तथा सुरक्षात्मक कार्य	6900.00	69.00	(निविदा मूल्य 300.00 स्टेशनरी चार्जेज 2000.00 +जी.एस.टी ऑनलाईन भुगतान) कुल रू0 2714.00 मात्र	15 माह	अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, देवरिया	अधीक्षण अभियन्ता, देवरिया वृत्त लो0नि0वि0, देवरिया	मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट http://etender.up.nic.in एवं Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजें अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.
देवरिया

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 259082/दिनांक 22-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4932/76 यात-देवरिया वृत्त/26 दिनांक 16-10-2026

ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग, के ए0 एवं बी0 श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद कुशीनगर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

2.

क्र सं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
वित्तीय वर्ष 2026-27 मे जनपद कुशीनगर के विभिन्न विकास खण्डों मे हेलीपैड एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य										
1	कुशीनगर	जनपद कुशीनगर मे विकास खण्ड मोतीचक अन्तर्गत ग्राम पैकौली मे 26 गुणे 26 मी0 साइज के मानकीकृत हेलीपैड एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य।	81.00	6.05	निविदा मूल्य 300.00+ स्टेशनरी चार्ज 2000.00 + जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू0 2714.00	6 माह	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, कुशीनगर	अधीक्षण अभियन्ता देवरिया वृत्त लो0नि0वि0, देवरिया	मुख्य अभियन्ता गोरखपुर क्षेत्र लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0, बी0
2	कुशीनगर	जनपद कुशीनगर मे विकास खण्ड नेबुआ नौरंगिया अन्तर्गत ग्राम नरायनपुर मे 26 गुणे 26 मी0 साइज के मानकीकृत हेलीपैड एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य।	93.00	6.65	निविदा मूल्य 300.00+ स्टेशनरी चार्ज 2000.00 + जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू0 2714.00	6 माह	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, कुशीनगर	अधीक्षण अभियन्ता देवरिया वृत्त लो0नि0वि0, देवरिया	मुख्य अभियन्ता गोरखपुर क्षेत्र लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0, बी0
3	कुशीनगर	जनपद कुशीनगर मे विकास खण्ड खड्डा अन्तर्गत ग्राम सरगौपट्टी मे 26 गुणे 26 मी0 साइज के मानकीकृत हेलीपैड एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य।	92.00	6.66	निविदा मूल्य 300.00+ स्टेशनरी चार्ज 2000.00 + जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू0 2714.00	6 माह	अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, कुशीनगर	अधीक्षण अभियन्ता देवरिया वृत्त लो0नि0वि0, देवरिया	मुख्य अभियन्ता गोरखपुर क्षेत्र लो0नि0वि0 गोरखपुर	ए0, बी0

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
4. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP e-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। बिड डाक्यूमेंट वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं https://rac.uppwd.gov.in/Prahari पर दिनांक 28.10.2026 से 13.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजे अपरान्ह में वृत्तीय कार्यालय, लो0नि0वि0, देवरिया में खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्याकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश निगम)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
कुशीनगर

(वेद नारायण)
अधीक्षण अभियंता
देवरिया वृत्त, लो.नि.वि.
देवरिया

उ.प्र. 259124/दिनांक 22-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in